राजकीय महाविद्यालय बनबसा (चम्पावत)

स्वतंन्त्रता दिवस– समारोह – दिनांक 15अगस्त 2021

स्वतंन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय में दिनांक 15अगस्त 2021 को प्रातः 9बजे ध्वजारोहण प्राचार्य डॉ0 आभा शर्मा ने किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में राष्ट्रगान तथा वीर शहीदों की अमर गाथा को याद करते हुए राष्ट्रपिता महात्मागॉधी के चित्र पर माल्यापर्ण किया गया। प्राचार्य डॉ0 आभा शर्मा ने निदेशक उच्चशिक्षा, उत्तराखण्ड हल्द्वानी के संदेश को महाविद्यालय स्टाफ डॉ0 आर0एन0 पाण्डेय, डॉ0 दिनेश कुमार, डॉ0 बी0एन0 दीक्षित, डॉ0 एस0पी0सिंह, डॉ0 हेम गहतोडी, श्री हरीश चन्द्र जोशी, श्री अश्विनी पाण्डे, श्री त्रिलोक काण्डपाल, श्री अमर सिंह, श्री विनोद चन्द, श्री नरसोनू व छात्र/छात्राओं में साकिब खान, मुन्ना सलमानी, नमान्शु,धीरज, निशा चन्द आदि के बीच संबोधित किया। जिसमें स्वतंन्त्रता संग्राम के वीरों की शौर्य, वीरता, त्याग, सत्य, अहिंसा, निष्काम कर्मवाद जैसे गुणो की आत्मसात करने पर बल दिया। युवा छात्र/छात्राओं को कोविड महामारी से बचने तथा अपने शक्ति का विकास में योगदान देने, पठन/पाठन में ध्यान देने तथा शिक्षा व अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण रखना होगा, तभी देश प्रगति के मार्ग पर आगे बढेगा। इस अवसर पर आनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। आनलाइन वेबिनार में आर0एन0 पाण्डेय एसो0 प्रोफेसर राज0विज्ञान ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के पांच स्तम्भो पर तथा तीव्र गति से विकास के मार्ग पर चलने और स्वीकृतिकरण पर अपने विचार रखें। डॉ0 हेम गहतोड़ी ने भारत के अमर शहीदों को याद करते हुए कर्तव्यनिष्ठा पर अपने विचार रखें। डॉ0 बी0एन0 दीक्षित ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हम सभी को निरन्तर कार्य करने की आवश्यकता है, पर विचार व्यक्त किया। डॉ0 शशि प्रकाश सिंह ने आत्मनिर्भर भारत अभियान को सामाजिक जीवन से जोड़ने पर बल दिया। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष श्री शिखर चन्द ने इस अवसर पर सभी छात्र/छात्राओं को पठन/पाठन पर ध्यान तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढाने पर अपने विचार रखें। शिवांगी मिश्रा ने नागरिक सुरक्षा, हर्षित जोशी ने स्वास्थय सेवाओं में सुधार तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान, पूजा कुमारी ने सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा तथा गॉधी जी के अहिंसा को अपनाने, रेखा विश्वकर्मा ने तिरंगा चूम चूम कर लहराये जैसा स्वरचित गीत गाया, निकिता कुमारी ने देश भक्तो से ही देश की शान है श्लोगन प्रस्तुत किया। पूर्णिमा गुप्ता ने कोरोना वायरस से बचाव तथा पूर्व प्रधानमन्त्री श्रीमती इंदिरा गॉधी के कार्यो से प्रेरणा लेने पर विचार व्यक्त किया। शिवानी कश्यप ने आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा आश्रितता को कम करने पर विचार व्यक्त किया। महाविद्यालय की पुरातन छात्रा प्रीति कश्यप ने अपना भारत वह भारत है जिसके पीछे संसार चला जैसे देश भक्ति गीत प्रस्तुति की। सेमिनार में दीपिका जोशी, तनूजा थापा, शबा अन्सारी, निकिता, आकांश आदि ने प्रतिभागिता की। प्राचार्य डॉ0 आभा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा आत्मनिर्भर भारत, कोविड–19 से बचाव, उन्नति के मार्ग पर आगे बढना, महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किये। आनलाइन संगोष्ठी का संचालन डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता ने संगोष्ठी में जुड़ने वाले छात्र/छात्राओं को आगे बढने की प्रेरणा दी, अमर वीर शहीदों को याद किया तथा स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

प्राचार्य
डॉ0 आभा शर्मा